रंगीली सरकार | By Sona Jadhav

खुश रह लेंगे कोठी और कार के बिना
जी ना पाएंगे रंगीली सरकार के बिना

सोना मिले ना चाहे चांदी मिले ना
सेवा को चाहे नौकर बांदी मिले ना
रह ना पाएंगे राधा तेरे प्यार के बिना
जी ना पाएंगे रंगीली सरकार के बिना

ऐसे बंधे हैं जैसे पतंग से डोरी
हर सांस कहती किशोरी किशोरी
जैसे नाव नहीं चले पतवार के बिना
जी ना पाएंगे रंगीली सरकार के बिना

ये तन है प्यारे दो आने की माटी
माथे लगा लो बरसाने की माटी
अजनबी क्या है राधा उस द्वार के बिना
जी ना पाएंगे रंगीली सरकार के बिना
खुश रह लेंगे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sona-jadhav/